# चीनी राजदूत के दबाव का असर ओली के भविष्य पर फैसला टला

फैसला

## चीनी राजदूत हाओ यांकी ने की माधव नेपाल से मुलाकात

■8 जुलाई तक के लिए टाल दिया गई बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। चीन के भारी दबाव के बीच नेपाल में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के भविष्य पर फैसला एक बार फिर से टल गया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी की स्थायी समिति की अहम बैठक को 8 जुलाई तक के लिए टाल दिया गया है। माना जा रहा है कि चीन की राजदूत हाओ यांकी के कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं से मुलाकात के बाद इस बैठक को टाला गया है। इसी बैठक में ओली के भाग्य का फैसला होना था।

इस बीच सोमवार सुबह एक बार फिर से प्रचंड ओली से मिलने उनके घर पहुंचे हैं। दोनों नेता पार्टी में जारी संकट को दूर करने के लिए बातचीत करेंगे। हिमालयन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ओली और प्रचंड के बीच रविवार को काफी देर तक वार्ता हुई लेकिन यह बेनतीजा





समाप्त हो गई थी।

प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की कुर्सी को बचाने के लिए चीन ने अपनी राजदूत हाओ यांकी को मिशन पर लगा दिया है। चीन की राजदूत हाओ यांकी ने ओली के धुर विरोधी नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड के समर्थन में चल रहे नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के नेता माधव नेपाल से रविवार शाम को उनके घर पर मुलाकात की थी।

यही नहीं चीनी राजदूत ने नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी से भी मुलाकात की थी और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी में चल रहे मतभेदों पर गहरी चिंता जताई थी। माना जा रहा है कि चीनी राजदूत के हस्तक्षेप के बाद पीएम ओली के भविष्य पर फैसले को 8 जुलाई तक के लिए टाल दिया गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री ओली और सत्ताधारी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के बीच सत्ता की साझेदारी को लेकर हुई अहम बातचीत रविवार को विफल रही थी।

दोनों नेताओं ने कम्युनिस्ट पार्टी की शक्तिशाली स्थायी समिति की बैठक से पहले अपने मतभेदों को दूर करने के लिए सोमवार को फिर मिलने का फैसला किया था। ओली पर आए संकट को देखते हुए चीनी राजदूत हाओ यांकी ने माधव नेपाल से मुलाकात करके ओली को बचाने के लिए अंतिम समय तक प्रयास जारी रखा है। माधव नेपाल और झालानाथ खनल समेत वरिष्ठ नेताओं के समर्थन वाला प्रचंड का धड़ा मांग कर रहा है कि ओली पार्टी अध्यक्ष और प्रधानमंत्री दोनों पदों से इस्तीफा दें।

प्रधानमंत्री ओली के एक करीबी सूत्र ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच कोई समझौता नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि दोनों नेता अपने–अपने रुख पर अड़े रहे और बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। शनिवार को भी 45 सदस्यों वाली स्थायी समिति की अहम बैठक को सोमवार तक के लिये टाल दिया गया था जिससे ओली के काम करने के तौर–तरीकों और भारत विरोधी बयानों को लेकर मतभेद को दूर करने के लिए शीर्ष नेतृत्व को और वक्त मिल सके।

## चीन के बयन्नूर शहर में फैला ब्यूबोनिक प्लेग, अलर्ट जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। उत्तरी चीन के बयन्नुर शहर में ब्यूबोनिक प्लेग फैल जाने से हड़कंप मच गया है। ब्यूबोनिक प्लेग का मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने चेतावनी जारी की है। मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में स्थित बयन्नूर शहर में ब्यूबोनिक प्लेग के दो मामले सामने आए हैं। पूरे शहर में प्लेग से बचाव के लिए लेवल तीन के स्तर की चेतावनी जारी की गई है।

चीन के सरकारी अखबार पीपल्स डेली ऑनलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक चेतावनी का यह स्तर साल 2020 के अंत तक जारी रह सकता है। प्लेग से संक्रमित व्यक्ति को अलग रखा गया है और उसकी हालत स्थिर है। ब्यूबोनिक प्लेग बैक्टीरिया संक्रमण के कारण होता है और यह जानलेवा हो सकता है। हालांकि इसके लिए लिए ऐंटिबायॉटिक मौजूद हैं।

यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि ये लोग कैसे प्लेग से संक्रमित हुए। लेवल 3 की चेतावनी के बाद प्लेग फैलाने वाले जानवरों के खाने पर रोक लगा दी जाती है। साथ ही लोगों से कहा जाता है कि प्लेग के लक्षण सामने आने पर तत्काल इसकी सूचना दें। पूरी दुनिया में ब्यूबोनिक प्लेग के संक्रमण के अक्सर मामले सामने आते रहते हैं। वर्ष 2017 में मेडागास्कर में ब्यूबोनिक प्लेग के 300 से ज्यादा मामले सामने आए थे। पिछले साल ब्यूबोनिक प्लेग से दो लोगों की मौत हो गई थी।



## बुशरा बीबी पर टिप्पणी इमरान को बर्दाश्त नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ ने महिला विधायक उज्मा कारदार को कथित ऑडियो टेप लीक मामले में पार्टी से बाहर निकाल दिया है। दावा किया जा रहा है कि उज्मा ने अपने किसी पत्रकार मित्र के साथ बातचीत में इमरान खान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी और पाकिस्तानी सेना पर जमकर आरोप लगाया। जिसने उस बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया और बाद में वायरल कर दिया। पीटीआई ने एक बयान में कहा कि उसने पंजाब विधानसभा की सदस्य उज्मा करदार को अनुशासन का उल्लंघन करने पर पार्टी से निकाल दिया। उज्मा ने इसमें कहा था कि पाकिस्तान को पीएम इमरान की पत्नी बुशरा बीबी चला रही हैं और वे अपनी पत्नी से बिना पूछे कोई काम नहीं कर सकते।

## इजरायल के साइबर हमले में बर्बाद हुआ परमाणु ठिकाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेहरान। ईरान ने पुष्टि की है कि भूमिगत नतान्ज परमाणु स्थल पर क्षतिग्रस्त हुई इमारत असल में एक नया सेंट्रिफ्यूज केंद्र था। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने यह खबर दी है। सेंट्रिफ्यूज वह मशीन होती है जिसमें विभिन्न घनत्व वाले द्रवों को या ठोस पदार्थ से तरल पदार्थों को अलग करने के लिए सेंट्रिफ्यूजल फोर्स का इस्तेमाल होता है।

ईरान के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार तड़के लगी इस आग को एक मामूली श्दुर्घटनाश बताकर टालना चाहा था जिसने श्औद्योगिक शेडश को प्रभावित किया था। हालांकि, ईरान के

**नतान्ज परमाणु स्थल पर क्षतिग्रस्त हुई इमारत सेंट्रिफ्यूज केंद्र था**

सरकारी चौनल की ओर से जारी इस स्थल की जारी तस्वीरों और वीडियो में ईंट की दो मंजिली इमारत दिख रही है जिसमें उसके झुलसने के निशान और उसकी छत स्पष्ट तौर पर क्षतिग्रस्त दिख रही है। ईरान की परमाणु एजेंसी के प्रवक्ता बेहरूज कमलवंदी ने रविवार को कहा कि केंद्र पर काम 2013 में शुरू हुआ था और इसका उद्घाटन 2018 में किया गया था। उन्होंने कहा, श्यहां अधिक उन्नत सेंट्रिफ्यूज मशीनों के निर्माण की मंशा थी।श साथ ही कहा कि इस नुकसान की वजह से श्संभवतरू उन्नत सेंट्रिफ्यूज मशीनों के विकास एवं उत्पादन में देरी हो सकती है।

**इजरायल ने ईरानी ठिकाने पर साइबर अटैक किया:** उन्होंने कहा कि इस आग में 'माप एवं शुद्धता उपकरणश क्षतिग्रस्त हो गए और कहा कि यह केंद्र विश्व की शक्तियों के साथ हुए तेहरान के 2015 के परमाणु समझौते की वजह से लगाए गए प्रतिबंधों के कारण पूरी क्षमता के साथ नहीं चल रहा था। ईरान ने दो साल पहले अमेरिका के इस समझौते से बाहर हो जाने के मद्देनजर उन्नत सेंट्रिफ्यूज मॉडल के साथ प्रयोग करने शुरू कर दिए थे। ईरान लंबे समय से कहता आया है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण मकसदों के लिए हैं।

## जिहादियों ने नाइजीरिया में संरा के हेलीकॉप्टर पर की गोलीबारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** डकार। उत्तर पश्चिम नाइजीरिया में सप्ताहांत में संदिग्ध इस्लामिक जिहादियों ने संयुक्त राष्ट्र के एक हेलीकॉप्टर पर गोलीबारी की, जिसमें दो लोगों की जान चली गई।राष्ट्रपति मोहम्मद बुहारी ने हमले के लिए कट्टरपंथी समूह बोको हराम से जुड़े आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया और इसके कड़े परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी।राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, '' बोको हराम के आतंकवादी स्पष्ट रूप से पूरी तरह पिछड़ चुके हैं और अब मासूम नागरिकों, संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं पर हमले बढ़ा रहे हैं।

यह अपनी नाकामी को छुपाने और खुद को मजबूत दिखाने की उनकी निराशा को प्रदर्शित करता है।''उत्तर पश्चिम नाइजीरिया में सहायता समूहों की सुरक्षा हमेशा से ही एक चिंता का विषय रहा है, जहां बोको हराम करीब एक दशक से मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का अपहरण और उनकी हत्या कर रहा है। शनिवार को हुए इस हमले की हालांकि अभी तक किसी ने कोई जिम्मेदारी नहीं ली है।

## न्यूज डायरी



### चीन की धमकियों पर अमेरिकी नौसेना ने लिया मजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। दक्षिणी चीन सागर में अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर्स की तैनाती से भड़के चीन की पिद्दू मीडिया की धमकियों पर अमेरिकी नौसेना ने मजा लिया है। चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स की धमकी भरे ट्वीट को रिट्वीट करते हुए अमेरिकी नेवी ने कहा कि इसके बावजूद वे उस इलाके में तैनात हैं। रविवार को ही ग्लोबल टाइम्स ने चीन के मिसाइलों की तस्वीर ट्वीट करते हुए अमेरिका को धमकी दी थी। अमेरिकी नौसेना के चीफ ऑफ इनफॉर्मेशन ने ट्वीट कर कहा कि हमारे दो एयरक्राफ्ट कैरियर साउथ चाइना सी के अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। मजे लेते हुए यूएस नेवी ने लिखा कि यूएसएस निमित्ज और यूएसएस रोनाल्ड रीगन हमारे विवेक से भयभीत नहीं हैं। बता दें कि चीन से तनाव के बीच अमेरिकी नौसेना ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाले अपने दो एयरक्राफ्ट कैरियर को दक्षिण चीन सागर में तैनात किया है।

### जापान में बाढ़ से 34 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। दक्षिणी जापान में बाढ़ और जमीन धंसने की घटनाओं में रविवार को कम से कम 34 लोग या तो मारे गये हैं अथवा उनकी मौत की आशंका है। वहीं कई अब भी बाढ़ग्रस्त इलाकों में फंसे हैं और मदद का इंतजार कर रहे हैं।कुमामोटो से कई लोगों को हेलीकॉप्टर और नौकाओं के जरिए बाहर निकाला गया है। रक्षा बल, तट रक्षक और दमकल विभाग के 40,000 से अधिक कर्मी बचाव कार्य में जुटे हैं।कुमा नदी से लगने वाले इलाके का बड़ा हिस्सा बाढ़ में बह गया है। कुमा के एक वृद्ध आश्रम में 14 लोगों के मारे जाने की आशंका है। शनिवार को वहां बचाव अभियान शुरू किया गया था, जो रविवार को भी जारी रहा।बाढ़ और जमीन धंसने के कारण सेंजुएन देखभाल केन्द्र में रहने वाले करीब 65 लोग और उनकी देखभाल करने वाले 30 व्यक्ति वहां फंस गये थे । इसके बाद वहां फंसे रह गये शेष 51 लोगों को रविवार को बचा लिया गया । स्थानीय 'राफिटंग' कम्पनी के संचालक शीगेमित्सो ने सरकारी प्रसारक 'एनएचके' को बताया कि कुल 18 लोग मारे गए हैं जबकि 16 लोगों के मारे जाने की आशंका है।

### तुर्की समर्थित बलों के नियंत्रण वाले लीबियाई अड्डे पर हवाई हमले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। राजधानी त्रिपोली में लीबिया के अधिकारियों ने कहा कि रात भर हुए हवाई हमलों में शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक प्रमुख हवाईअड्डे को निशाना बनाया गया जिसे हाल ही में तुर्की समर्थित बलों ने वापस अपने नियंत्रण में ले लिया था। त्रिपोली में तैनात बलों के प्रवक्ता, कर्नल मोहम्मद गोनोनोउ ने रविवार को कहा कि ये हमले सैन्य कमांडर खलीफा हफ्तार से संबद्ध "विदेशी विमानों" द्वारा किए गए है। हफ्तार के बलों को संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र और रूस का समर्थन प्राप्त है जबकि त्रिपोली को तुर्की, कतर और इटली की साथ मिला हुआ है। लीबिया 2015 से दो प्रतिद्वंद्वी सरकारों के बीच बंटा हुआ है– एक पूर्व में, जो हफ्तार से संबद्ध है और दूसरी संयुक्त राष्ट्र समर्थित त्रिपोली की सरकार है। इनमें से कई विदेशी समर्थक लीबिया के तेल संसाधनों पर अपना नियंत्रण करने के लिहाज से स्पष्ट तौर पर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश में हैं।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य के तौर पर कार्रवाई को गति दे सकता है भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक "बेहद जिम्मेदार" पक्ष है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य के तौर पर वह विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई को बल दे सकता है तथा सतत विकास लक्ष्यों पर ध्यान आकर्षित करने में भी मददगार साबित हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने ये बातें कही हैं। भारत ने पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के चुनाव में अस्थायी सदस्य के तौर पर जबर्दस्त जीत हासिल की थी। उसका दो साल का कार्यकाल जनवरी 2021 में शुरू होगा। उसे संयुक्त राष्ट्र महासभा में डाले गए 192 मतों में से 184 मत मिले थे। उन्होंने कहा कि जो देश इन जरूरी टीकों को जल्द बनी लेंगे, उन्हें अन्य देशों द्वारा धन मुहैया कराया जाना सुनिश्चित कराया जाएगा।